प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

हाईड्रोलॉजी इजींनियरिंग पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

पंतनगर। 30 मई 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 28 मई 2020 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय वेबीनार, जिसका विषय 'एंट्रॉपी थ्योरी एंड इट्स एप्लिकेशन इन हाइड्रोलॉजी इंजीनियरिंग' था, का महाविद्यालय की अधिष्ठाता, डा. अलकनन्दा अशोक, के सभाकक्ष से संचालन किया गया। इस वेबीनार के विशेषज्ञ अमेरिका के टेक्सास ए एंड एम विश्वविद्यालय के प्रो. विजय पी सिंह थे। श्री सिंह के मुख्य उद्बोधन के उपरांत समूह विचार–विमर्श में डा. जे.सी. झझारिया, छत्तीसगढ़; डा. धर्मा अगारे, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, अस्ट्रेलिया; श्रीमती शकीला जावेद, मस्कट, ओमान; सुश्री सहाना, भारतीय प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मुम्बई; एवं डा. शरद जैन, प्राध्यापक, आई.आई.टी. रूड़की, द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बेविनार के प्रारम्भ में डा. अलकनंदा अशोक द्वारा उद्घाटन संबोधन में ऑनलाईन उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया एवं भविष्य में और वेबिनार आयोजित किए जाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. ज्योति प्रसाद, वेबिनार समन्वयक, द्वारा एवं वेब मॉडरेशन, डा. शिव प्रसाद, मॉडरेटर, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों द्वारा ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर प्रतिभाग किया गया।

ऑनलाइन वेबिनार में व्याख्यान देते हुए अमेरिका के प्रो. विजय पी सिंह।